प्रेस नोट दिनांक 23.03.2026
थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

थाना इज्ज़तनगर #bareillypolice द्वारा ग्राम फरीदापुर चौधरी में गोकशी से संबन्धित अभियोग का अनावरण कर पुलिस मुठभेड के दौरान 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस एवं गोकशी कारित करने के उपकरण बरामद।

दिनांक 21.03.2026 एवं 22.03.2026 को थाना इज्ज़तनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम फरीदापुर चौधरी के पास के नाले में प्लास्टिक के बोरे में गोवंशीय पशुओं के अवशेष बरामद हुए थे। पशु चिकित्सक द्वारा परीक्षण हेतु अवशेष के नमूने लिये गये हैं। उक्त प्रकरण में थाना इज्ज़तनगर पर मु0अ0स0 230/26 3/8 गोवध निवारण अधि0 पंजीकृत किया गया है। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली द्वारा घटना के अनावरण हेतु 03 टीमों का गठन किया गया।

दिनांक 23.03.2026 की रात्रि में थाना इज्ज़तनगर पुलिस टीम अभियोग के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में तलाश/दबिश में थी, इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना इज्जतनगर पुलिस टीम द्वारा सिद्धार्थ नगर केन्द्रीय विद्यालय के निकट स्थित ग्राउन्ड के पास से संदिग्धों की चैकिंग के समय बाइक पर सवार 03 बदमाशों को चैकिंग के लिए रोकने पर उनके द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया, जिसमें का0 816 राहुल कुमार घायल हो गए।

पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 03 अभियुक्तों 1.असलम पुत्र अब्दुल निवासी फरीदापुर चौधरी थाना इज्ज़तनगर बरेली, 2.जीशान पुत्र असलम निवासी फरीदापुर चौधरी थाना इज्जतनगर बरेली उम्र 26 वर्ष एवं 3.नासिर पुत्र रहमतुल्लाह निवासी परतापुर चौधरी थाना इज्ज़तनगर बरेली उम्र 30 वर्ष को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। तीनों अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हैं। अभियुक्तों के कब्जे से 03 अवैध तमंचे, 03 जिन्दा कारतूस, 06 खोखा कारतूस 315 बोर, गोकशी के उपकरण, 01 स्पलेन्डर बाइक, 02 मोबाइल फोन आदि सामान बरामद हुआ है। इस सम्बन्ध में थाना इज्जतनगर पर मु0अ0सं0 233/2026 धारा 190/352/351(3) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट बनाम असलम, 2. जीशान तथा 3. नासिर उपरोक्त के विरूध्द पंजीकृत किया गया है। तीनों अभियुक्त थाना इज्ज़तनगर पर पंजीकृत मु0अ0स0 230/26 धारा 3/8 गौवध अधि0 में वांछित हैं। घायल तीनों अभियुक्तों एवं पुलिसकर्मी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1.असलम पुत्र अब्दुल निवासी फरीदापुर चौधरी थाना इज्जत नगर बरेली ।
2.जीशान पुत्र असलम निवासी फरीदापुर चौधरी थाना इज्जत नगर बरेली ।
3.नासिर पुत्र रहमतुल्लाह निवासी परतापुर चौधरी थाना इज्जत नगर बरेली ।

अभियुक्त असलम का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 233/26 धारा 109/352/351(3) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट।
2. मु0अ0सं0 230/26 धारा 3/8 गौवध अधिनियम थाना इज्जतनगर बरेली ।
3. मु0अ0सं0 282/13 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम थाना इज्जतनगर बरेली ।
4. मु0अ0सं0 818/16 धारा 3/5A/8 गौवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना इज्जत नगर बरेली ।
5. मु0अ0सं0 412/19 धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना इज्जतनगर बरेली।
6. मु0अ0सं0 858/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इज्जतनगर बरेली।

अभियुक्त जीशान का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 233/26 धारा 109/352/351(3) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना इज्जतनगर बरेली ।
2. मु0अ0सं0 230/26 धारा 3/8 गौवध अधिनियम थाना इज्जतनगर बरेली।

अभियुक्त नासिर का आपराधिक इतिहासः-

3. मु0अ0सं0 233/26 धारा 109/352/351(3) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना इज्जतनगर बरेली ।
4. मु0अ0सं0 230/26 धारा 3/8 गौवध अधिनियम थाना इज्जतनगर बरेली।

पूछताछ-

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम चलते-फिरते आवारा गोवंशीय पशुओं का वध कर उसके गोवंशीय मांस की बिक्री कर मुनाफा कमा लेते हैं, हमने पहले भी कई बार अपने साथी 1. मुन्तसीर पुत्र नवाब नि0 भूड़ा थाना भोजीपुरा जिला बरेली, 2. वसीम पुत्र पप्पू नि0 भूड़ा थाना भोजीपुरा जिला बरेली, 3. नदीम कुरैशी उर्फ बबली पुत्र शफीक कुरैशी नि0 फरीदापुर चौधरी थाना इज्जतनगर जिला बरेली, 4. शफीक टूटा पुत्र सद्दीक नि0 फरीदापुर चौधरी थाना इज्जतनगर जिला बरेली, 5. नईम पुत्र हनीफ नि0 फरीदापुर चौधरी व 6. इदरीश पुत्र हनीफ नि0 फरीदापुर चौधरी थाना इज्जतनगर जिला बरेली के साथ मिलकर गोवंशीय पशुओं का वध कर उनके अवशेष प्लास्टिक के कट्टे में बंद कर नाले में डाल देते थे।

बरामदगी-

तीन अवैध तमंचे 315 बोर, 03 कारतूस जिंदा 315 बोर, 06 खोखा कारतूस 315 बोर, गोवध करने के उपकरण, 01 लकडी का गुटका, 01 बुग्दा, 01 कुल्हाडी , 3 रस्सी, 2 छूरी, 4 काले रंग की पाँलीथिन, 3 प्लस्टिक के कट्टे, 01 मोटर साइकिल व 02 मोबाइल फोन।

पुलिस टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री बिजेन्द्र सिंह थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
2. व0उ0नि0 श्री जावेद अली थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
3. उ0नि0 श्री मुनेन्द्र सिंह थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
4. उ0नि0 श्री संजय कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
5. उ0नि0 श्री मुकेश कुमार चौहान थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
6. है0का0 647 धनीष सक्सैना थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
7. है0का0 953 रूपेन्द्र सिंह थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
8. है0का0 1298 विशाल कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
9. है0का0 63 राकेश कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
10. का0 2866 मनीष मलिक थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
11. का0 816 राहुल कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
12. का0 3516 सतेन्द्र कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।